DPG DEGREE COLLEGE

(Approved by AICTE & Affiliated to MDU) Recognized 2(f) by UGC & Accredited with 'A' Grade by NAAC

Sector-34, Near Marble Market,Gurugram-122001

दिनांक- 12/09/2025

कला एवं मानविकी विभाग तथा विधि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में

राष्ट्रीय हिंदी दिवस 14 सितम्बर के उपलक्ष्य में 12/09/2025 को डी.पी.जी. डिग्री कॉलेज, गुरुग्राम में आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए

हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए प्रतिवर्ष 14 सितंबर का दिन राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। विगत कई वर्षों की तरह इस वर्ष भी डी.पी.जी डिग्री कॉलेज तथा डीपीजी लॉ कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विधि महाविद्यालय की निदेशक डॉ. प्रिया शुक्ला ने कार्यक्रम में उपस्थित डी.पी.जी ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन राजेंद्र गहलोत, वाईस चेयरमैन दीपक गहलोत व सेक्रेटरी नरेंद्र गहलोत का स्वागत किया और राष्ट्रीय हिंदी दिवस के महत्व से सभी को अवगत करवाया। कार्यक्रम का संचालन बी.ए तृतीय वर्ष की छात्रा आरती ने किया। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर

प्रदर्शनी और कविता वाचन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ. प्रियंका कुमारी, डॉ. रीना और डॉ. अमिता ने निभाई। डॉ कमलेश ने सभी श्रोताओं को हिंदी की महत्ता से परिचित कराया।

हिंदी हमारे राष्ट्र भारत के साथ विश्व की सबसे समावेशी व वैज्ञानिक भाषा के रूप में विकसित हुई है। हिंदी भाषा के माध्यम से ही भारतीय संस्कृति का विकास किया जा सकता है। डी.पी.जी ग्रुप ऑफ कालेज के वाईस चेयरमैन दीपक गहलोत ने विद्यार्थियों को बताया कि बदलते परिदृश्य के साथ हिंदी का स्वरूप भी बदला है। हिंदी ने रोजगार के नये अवसरों का सृजन किया है। डी.पी.जी डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल एस. एस. बोकन ने बताया कि भारतीय भाषाओं और बोलियों के मूल में हिंदी है। डी.पी.जी डिग्री कॉलेज के रजिस्ट्रार अशोक गोगिया जी ने कहा कि डी.पी.जी डिग्री कॉलेज हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाता रहेगा। डी.पी .जी डिग्री कॉलेज के कला एवं मानविकी संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ रितु ने भी अतिथियों औपचारिक स्वागत करते हुए सभी को हिंदी भाषा का बताया। यह अविवादित सत्य है कि आज हिंदी की वैश्विक स्वीकार्यता बढ़ी है। निर्णायक मण्डल ने भी इसका समर्थन करते हुए संक्षेप में अपनी बात रखी।

डी.पी.जी डिग्री कॉलेज में निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें विजेता विद्यार्थीगण निम्नलिखित हैं:

- **कविता लेखन** प्रतियोगिता में .. बी.ए .तृतीय वर्ष के छात्र.. नीतीश झा प्रथम., हैप्पी जुनेजा बी.ए . तृतीय वर्ष के छात्र द्वितीय व नेहा शर्मा बी.जे.एम.सी की छात्रा तृतीय रहीं ।
- **पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता** में प्रथम स्थान .बी . ए . एल .एल बी प्रथम वर्ष..की छात्रा अर्पिता...., द्वितीय स्थान.... बी.एस.सी जीवन विज्ञान .. की छात्रा पलक..... व तृतीय स्थान ... बी .ए अंतिम वर्ष की छात्रा.... नताशा....ने हासिल किया।
- **भाषण प्रतियोगिता** में *प्रथम* स्थान पर रही सुहानी सक्सेना बी.जे. एम सी द्वितीय वर्ष की छात्रा ने सबको पीछे छोड़ दिया ।

सभी प्रतिभागियों को प्राचार्य श्री बोकेन जी एवं रजिस्ट्रार श्री अशोक गोगिया जी ने सम्मानित किया

हिंदी प्राध्यापिका सुश्री कमलेश कुमारी ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया तथा सभा में उपस्थित सभी जजों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम के अन्त की घोषणा की।

सुश्री कमलेश कुमारी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया

राष्ट्रीय हिन्दी दिवस कार्यक्रम में सभी प्राध्यापकगण व विद्यार्थी मौजूद रहे। जिन्होंने हिंदी के प्रचार-प्रसार व बढ़ते प्रभाव को न केवल समझा बल्कि अपने जीवन में इसे अपनाने का प्रण भी लिया।

श्री एस एस बोकेन

प्रधानाचार्य

डॉ० रितू

विभागाध्यक्ष

कला एवं मानविकी

महाविद्यालय

डॉ० प्रिया शुक्ला

निर्देशक

विधि महाविद्यालय

आयोजक मण्डल

- डॉ० कमलेश कुमारी (सहायक प्रवक्ता, हिन्दी विभाग)
- श्रीमती सरला (सहायक प्रवक्ता, हिन्दी विभाग)
- श्रीमती वंदना (सहायक प्रवक्ता, हिन्दी विभाग)
- महेंद्र सिंह (सहायक प्रवक्ता, हिन्दी विभाग)